कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने नौ करोड़ की लागत से बने कृषि भवन का लोकार्पण किया

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक एग्रीकल्चर महाविद्यालय के अत्याधुनिक सुविधाओं से 09 करोड़ की लागत से बने कृषि भवन का लोकार्पण गुरूवार को प्रमुख अतिथि राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा, कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर

- अनुशासन और जैविक कृषि ही भविष्य की सही राह : किरोड़ी मीणा
- परंपरा और नवाचार के समन्वय से कृषि शिक्षा को नई दिशा दे रहा है विद्यापीठ : प्रो. सारंगदेवोत

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने सम्मान किया।

ने पट्टिका अनावरण कर किया। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि डॉ. मीणा के संस्थान परिसर में पहुंचेन पर सभी कार्यकर्ताओं की ओर माला, उपरणा एवं पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। समारोह से पूर्व एनसीसी के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डॉ. मीणा एवं अतिथियों द्वारा संस्थान परिसर में एक पौधा मॉ के नाम का भी लगाया। विद्यार्थियों की और से राजस्थानी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि बदलते समय के साथ केवल कृषि ही नहीं, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। आज के समय में विद्यार्थियों को केवल तकनीकी या व्यावसायिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण और राष्ट्र प्रेम व पर्यावरण चेतना से युक्त शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है, जिससे युवाओं में राष्ट्र सेवा - प्रेम के साथ-साथ प्रकृति - पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में सकारात्मक विचारों को रूप दिया जा सके। इस दिशा में विद्यापीठ का प्रयास सराहनीय है। डॉ. मीणा ने विद्यार्थी वर्ग के लिए भावी जीवन में व्यावसायिक और आर्थिक रूप से सफलता हेतु अनुशासन को एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया और कहां की अनुशासन की पालना से जीवन को सही दिशा दी जा सकती है। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने किसनों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाए जारी की गई है जरूरत है इन योजनाओं को इन तक पहुंचाने की। इस दिशा में संस्थान किसानों की पेरवी करें। डॉ. मीणा ने कहा कि आज गरीबों का खाना अमीर लोग पसंद करने लगे हैं। जब भी हम बडी होटलों में जाते है तो सबसे पहले स्वीटकोण शुप परोसा जाता है। गरीब को दरिद्रनारायण मानकर सेवा करने की जरूरत है। पक्ति में बैठे अंतिम वर्ग तक लाभ पहुंचे यह सोच हमारी होनी चाहिए व उसे बराबरी तक लाने का प्रयास करने की जरूरत है। डॉ. मीणा ने जीएपी पर निर्भरता करने पर जोर दिया। रासायनिक खाद के कारण हमारे खेत बंजर होते जा रहे है उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। खेतों से निकलने वाले अनाज से आम व्यक्ति किसी ने किसी रोग से ग्रसित हो रहा है। देश महामारी का शिकार होते जा रहा है। उन्होंने कृषि उत्पादन के लिए रासायनिक उर्वरकों और रसायनों पर कृषि की बढ़ ती निर्भरता के परिणाम स्वरूप फसलों की गुणवत्ता - पौष्टिकता और भूमि की उर्वरक क्षमता में आई कमी आई है। इससे निजात पाने के लिए कृषि के क्षेत्र में व्यापक रूप से काम करने की आवश्यकता है। जिसमें प्राकृतिक कृषि बायो एग्रीकल्चर कार्बनिक कृषि प्रमुख विकल्प है।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ का उद्देश्य परंपरागत भारतीय कृषि प्रणाली को आधुनिक तकनीकी नवाचारों के साथ समन्वित कर आदर्श कृषि शिक्षा का मॉडल विकसित करना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों तक पहुंचा कर कृषि के सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में मानवीय संसाधनों को तैयार करने की कोशिश विद्यापीठ की ओर से की जा रही है। विद्यापीठ का स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज टिकाऊ कृषि, सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण, कम लागत में अधिक उत्पादन, ग्रामीण व आदिवासी समुदायों की आर्थिक उन्नति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रहा है। अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति और कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि भूमि की गुणवत्ता समाप्त होती जा रही है इस समस्या के समाधान के रूप में उन्होंने ऑर्गेनिक कृषि एवं परंपरागत कृषि को अपनाने पर विचार रखें साथ ही उन्होंने ऑर्गेनिक कृषि एवं इसके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध करवाने की भी बात कही ताकि इस क्षेत्र में उत्पादित होने वाली फसलों को आमजन के पहुंच में लाया जा सके। अपने संबोधन में गुर्जर ने मेवाड़ क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को बड़ी बारीकी से रेखांकित करते हुए कहा कि यहाँ की सबसे बडी समस्या नील गायों की है जिसके कारण उनकी फसले चोपट हो रही है।

विश्व आदिवासी दिवस पर कल होगा सांस्कृतिक एवं आदिवासी समागम

राजसमंद,। आदिवासी एकता परिषद एवं आदिवासी एकता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को समीपवर्ती गुंजोल पंचायत अन्तर्गत कुंचोली गांव में होने वाले प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक एवं आदिवासी समागम को लेकर गुरूवार को कार्यक्रम स्थल पर हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में परिषद व संस्थान जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल मीणा, जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट वेणीराम गमेती, उपाध्यक्ष भैरूलाल गमेती आदि ने कार्यकर्ताओं से अब तक हुई तैयारियों की जानकारी ली। इस पर विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व सम्भाल रहे सदस्यों ने अपनी तैयारियों से अवगत कराया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था के तहत पाण्डाल व मंच निर्माण, अतिथि सत्कार, पेयजल, पार्किंग, आगंतुक समाजजनों का पंजीयन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष व वरिष्ठजनों ने सभी तैयारियों पर चर्चा व समीक्षा कर अंतिम रूप दिया वहीं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए तत्परता से जुटकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आ ान किया। जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि कुंचोली ग्राम में आइटीआइ के सामने खेल मैदान पर सुबह नौ बजे समारोह शुरू होगा।

अभियोग सुने

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने गुरूवार को भाजपा कार्यालय पर आमजन के अभाव अभियोग सुन मौके पर समस्याओ का निस्तारण किया। वही, चैनसिंह सिंघवी की बहन एवं पूर्व प्रधान मानसिंह धनोरिया के निधन पर उनके घर पहुंच संवेदना व्यक्त कर शोक संतृप्त परिवारो को ढ्रांढस बंधाया।

आम सभा की सूचना

क्रमांक-16 दिनांक-07.08.2025

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 17.08.2025 को प्रात 11.00 बजे समिति कार्यालय तंवर भवन नाडी का फाटक बैनाड रोड पर आयोजित की जायेगी आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। बैठक का ऐजेण्डा निम्नानुसार है। गत आमसभा की पूष्टि 2 समिति की गत वर्षो की आडिट का अनुमोदन एवं आडिट अनुपालना पर विचार 3 अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से कोरम के अभाव में स्थगित आमसभा पुनः 1 घन्टे बाद उसी स्थान पर आहूत की जायेगी।

मंत्री
लक्ष्मण डूँगरी कच्ची बस्ती गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (राज.)

नाम परिवर्तन

मैं उर्मिला देवी पत्नी श्री राजेन्द्र परसवाल, निवासी रमल्यावाला, नांगल, पुरोहितान, जयपुर राजस्थान की निवासी हूँ। मैंने अपना नाम उर्मिला देवी डुडी से बदलकर उर्मिला देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं आर्मी नं. 15153233K हवलदार बिनय कुमार चौधरी 199 मिडीयम रेजिमेंट मेरे सैनिक दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम गुडिया कुमारी (Gudia Kumari) है। जो कि गलत है, मेरी पत्नी का नाम गुडिया देवी (Gudiya Devi) है जो कि सही है और सत्य है।

मैंने अपने पुत्र का नाम आरव मीणा से बदलकर आरव ब्याडवाल कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को आरव ब्याडवाल पुत्र अरूण मीणा के नाम से जाना जावें। निवासी बी-16, न्यू कॉलोनी, पांचबत्ती, एम.आई. रोड, जयपुर राजस्थान

I Rajkumari Spouse of Late. Gajendra Kumar Mathur Resident of 53/118, V.T. Road, Mansarovar, Jaipur (Raj.)-Pin-302020 have changed my name from Rajkumari to Raj kumari Mathur vide affidavit dated 06.08.2025 before Sub Division Magistrate, Jaipur City (North)

I PAWAN spouse of No. 8037074K Nk (Artn) Shyam Singh resident of Village. Sharfuddinpur, Post Abbalpur, Teh. Amroha, Police Station: Nogua Sadath. Dist: JP Nagar, State Uttar Pradesh, PIN-244251 have changed my name from PAWAN to PAWAN PAL Vide affidavit No. CD749677 date 04.08.2025.

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक :- 1837 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक :- 25/04/25

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 114/191 (EWS), (एरिया 30.930 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री त्रिलोक चन्द पुत्र श्री गागनदास शाक्यानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3000 दिनांक 29.10.1997 को जारी किया गया। श्रीमती रेखा पत्नी श्री नाथूमल के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1787/9921 दिनांक 09.02.2018 के द्वारा किया गया। श्रीमती रेखा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 01.06.2020 को उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती रेखा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 21.02.2020 के द्वारा श्रीमती वर्षा बूलचन्दानी पत्नी श्री जगदीश बूलचन्दानी को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती वर्षा बूलचन्दानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 22.01.2025 के द्वारा श्री नाई जगमोहन मूलाराम पुत्र श्री मूलाराम को विक्रय कर उप पंजीयक अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। (क्रेता/कैती श्री नाई जगमोहन मूलाराम पुत्र श्री मूलाराम द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री नाई जगमोहन मूलाराम पुत्र श्री मूलाराम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

5वी व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com

क्रमांक-99/25 दिनांक- 18.07.2025

आम सूचना

संघ की आवासीय योजना केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का भवन संख्या-3/37, श्रीमती कंचन वरन्दानी पत्नि श्री श्याम वरन्दानी के नाम कन्वेस डीड एवं परप्यूचुल लीज जारी कर दिनांक 13.08.2024 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। श्रीमती कंचन वरन्दानी की मृत्यु उपरान्त उनके पति श्री श्याम वरन्दानी एवं पुत्र श्री दीपक वरन्दानी द्वारा उक्त भवन संयुक्त रूप से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उनके नाम ट्रांसफर कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन के हस्तान्तरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा भवन संख्या-3/37, केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर को श्री श्याम वरन्दानी एवं श्री दीपक वरन्दानी के संयुक्त रूप से हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

(योगेश शर्मा) प्रबन्ध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

5वी व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com

क्रमांक-98/25 दिनांक- 18.07.2025

आम सूचना

संघ की आवासीय योजना केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर की दुकान संख्या-11, संघ द्वारा श्रीमती कंचन वरन्दानी के नाम विक्रय पत्र दिनांक 14.08.2014 को जारी किया गया था, जो दिनांक 28.08.2014 को रजिस्टर्ड हुआ। श्रीमती कंचन वरन्दानी का स्वर्गवास हो जाने पर उनके पति श्री श्याम वरन्दानी एवं पुत्र श्री दीपक वरन्दानी द्वारा संयुक्त रूप से उक्त दुकान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उनके नाम ट्रांसफर कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त दुकान पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा दुकान संख्या-11, केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर को श्री श्याम वरन्दानी एवं श्री दीपक वरन्दानी के संयुक्त रूप से हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

(योगेश शर्मा) प्रबन्ध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

ग्रामीणों ने सड़कों की बदहाली पर सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गुरूवार को पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता रामावतार कुमावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गांव नारेहड़ा से पावटा वाया शुक्लावास एवं शुक्लावास से कांसली तक की ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016-17 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना व एमडीआर योजना के अंतर्गत 58 करोड़ की लागत से यह सड़क निर्माण हुआ था। जिसके लिये शुक्लावास गांव में 58 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना चला था।

आज यह सड़क कई स्थानों पर गहरे गड्ढों व पानी भराव से खस्ताहाल हो चुकी है। वहीं शुक्लावास से कांसली तक की एकमात्र हल्के वाहनों की ग्रामीण सड़क को अल्ट्राप्राईम रोड़ी क्रेशर उद्योग के ओवरलोड ट्रकों ने पूरी तरह कूचल दिया हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मीरापुर फॉर्म चौक से बेरी बांध तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं जिससे पैदल चलना भी दूभर हो रहा हैं। द्वारिकपुरा स्टैंड से नारेहड़ा तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुये हैं। रामपुरा गांव में पानी भराव से रोज छोटे वाहन फंसते हैं। खडब गांव में जल निकासी के अभाव में रोज हादसे हो रहे हैं। ट्रकों से सड़क पर गिरी बजरी, डस्ट व रोड़ी से दोनों साईड की सड़क बंद सी हो गई है। शुक्लावास से कांसली गांव व द्वाणियों की सड़क पर भारी वाहनों के आवाजाही पर तुरन्त रोक लगाई जावें। राधेश्याम शुक्लावास ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मरम्मत व ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही नहीं की गई।

स्कूल भवनों की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया

छबड़ा (निसं)। सीबीईओ ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को यहां के राजकीय विद्यालय भवनो की वस्तुस्थितियो से अवगत करवाया। इस पर सिंघवी ने जर्जर विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर विधायक कोष से टीन शेड डोम निर्माण का आश्वासन दिया। यहां बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव, ब्लॉक एमडीएम प्रभारी गोविंद सिंह भी मौजूद थे।

सीबीईओ वीरेंद्रसिंह यादव के अनुसार जर्जर स्कूल भवनो पर विधायक ने चिंता व्यक्त करते हुए समाधान की बात कही। यहां सिंघवी ने कहा कि भाजपा सरकार षिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए संवेदनशीलता के साथ प्रयासरत है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी तत्परता के साथ प्रयास करते रहे हैं।

प्रधानाचार्य .अशोक कुमार यादव द्वारा स्कूल में भामाषाहो के सहयोग से बालिका शिक्षा सशक्तिकरण के लिए किए गए नवाचारो की रिपोर्ट प्रस्तुत की तो विधायक ने नवाचारो की सराहना की। वही, गर्ल्स स्कूल में प्रार्थना स्थलीय कार्यक्रम के लिए टीन शेड, कॉरिडोर डोम एवं दो कक्षा-कक्षा के नवनिर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए विद्यालय में छात्राओं के हितार्थ नवाचार जारी रखने के लिए प्रेरित भी किया।

'हर घर तिरंगा अभियान को जन भागीदारी से सफल बनाएं'

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक ली।

टोंक। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान, निर्वाचन विभाग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, आपदा प्रबंधन, स्कूल व आंगनबाड़ियों समेत अन्य राजकीय भवनों का सर्वे, मरम्मत योग्य भवनों को चिन्हित कर एसडीआरएफ के तहत मरम्मत कार्य के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने को लेकर समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी, उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, एसीईओ ललित कुमार, महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक सरोज मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने टोंक जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विभागवार प्रगति की जानकारी ली ।

अधिकारियों ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों के तहत जिले के हर शहर, हर गांव में तिरंगा रैली, तिरंगा वाल पेंटिंग, जागरुकता रैली, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने अभियान के सफल आयोजन को लेकर निर्देश दिए हैं कि अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएं।

कार्यालय ग्राम पंचायत काशीपुरा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक: 176 **ई-निविदा सूचना 03/2025-2026** दिनांक: 07.08.2025

ग्राम पंचायत काशीपुरा, पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2026 तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। ई-निविदा से संबधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत काशीपुरा	ग्राम पंचायत काशीपुरा
पंचायत समिति करौली	पंचायत समिति करौली

कार्यालय नगर पालिका दूदू, जिला जयपुर

क्रमांक- न.पा.दू./2025-26/183 **लोक सूचना** दिनांक-07.08.2025

श्री नूर मोहम्मद पुत्र श्री सलीमुद्दीन, जाति मुसलमान, निवासी रंगमंच के पास लुहारों का चौक, दूदू, तहसील दूदू, जिला जयपुर (राज.) श्री मेहराज पुत्र श्री नूर मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी रंगमंच के पास लुहारों का चौक, दूदू, तहसील दूदू, जिला जयपुर (राज.) ने नगर पालिका दूदू में निचे उल्लिखित आवासीय भूमि से व्यवसायीक भूमि प्रयोजन हेतु पत्रावली दर्ज कराई है जिसके अनुसार विवरण निम्न प्रकार है।

तहसील दूदू, जिला जयपुर (राज.)	ग्राम दूदू, पटवार हल्का दूदू ए	खसरा नम्बर 2488, 8117/2485	392.21 वर्गगज

इसलिए संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भू-उपयोग परिवर्तन के प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 5 दिन के अन्दर मयाद दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.08.2025 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका दूदू जिला जयपुर

खोया पाया

न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की आवासीय योजना महेश नगर 80 फीट रोड, जयपुर में स्थित भूखण्ड संख्या सी-292 का सोसायटी द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, रसीद व साईट प्लान कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। (श्री प्रधान चन्द कुदावला एवं पार्वती-9487158400

मेरे प्लाट नं. 10/135 इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर का, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र (पट्टा) जगतपुरा जयपुर में कहीं गिर गया है।मिलने पर सुचित करें। - गजेंद्र सारस्वत 7587712140

प्लान्टेशन बोर्ड ने जयसिंहपुरा घुमन्तु जाति बस्ती में पौधारोपण किया

प्लान्टेशन बोर्ड ने जयसिंहपुरा घुमन्तु जाति बस्ती में किया पौधारोपण

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमन्तु जाति उत्थान न्यास ओर प्लान्टेशन बोर्ड (पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (भारत) के संयुक्त तत्वाधान में जयसिंह पूरा थाने के पीछे स्थित बस्ती में 7 अगस्त गुरुवार को सुबह 7 बजे पोधरोपण किया गयाइस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज हाथोज धाम विधायक हवा महल जयपुर रहे।

कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ घुमन्तु जाति कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विधायक बालमुकुन्दाचार्य की गरिमाई उपस्तिथी में कार्यक्रम संयोजक एवं प्लान्टेशन बोर्ड राजस्थान के चेयरमैन सर्वेश्वर शर्मा के नेतृत्व में घुमन्तु जाति बस्तियों में पौधारोपण किया गयाराकेश शर्मा ने बताया कि आज प्लान्टेशन बोर्ड ने घुमन्तु जाती बस्ती में पौधारोपण किया गया है ये बहुत ही पुण्य का कार्य हुवा है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक | India Post Payments Bank

(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, स्पीड पोस्ट सेंटर बिल्डिंग, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली -110001

मुख्य संचालन अधिकारी (सीओओ), मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ), मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) की भर्ती

विज्ञापन सं.: IPPB/CO/HR/RECT./2025-26/01

निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:

1. नियामक रिक्तियों (अनुमानित) की संख्या के विवरण जिसमें बकाया आरक्षित रिक्तियाँ शामिल हैं:

विभाग	पद/पद नाम		रिक्तियों की सं०	आरक्षित रिक्तियां अनारक्षित	विभाग				
					अ.पि.व.	अईडब्ल्यूएस	अनु.ज.	अनु.जन.ज.	अ.पि.व.
वित्त	VI	उप महाप्रबंधक-वित्त/मुख्य वित्त अधिकारी	1		-	1	-	-	-
	VII	महाप्रबंधक -वित्त/ मुख्य वित्त अधिकारी			1	-	-	-	-
मानव संसाधन और प्रशासन	VII	मुख्य मानव संसाधन अधिकारी	1		-	-	-	1	-

बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों सहित संविदागत रिक्तियों की संख्या का विवरण (अनंतिम):

विभाग	पद/पदनाम	रिक्तियों की सं०	आरक्षित रिक्तियां				
			अनारक्षित	अ.पि.व.	अईडब्ल्यूएस	अनु.ज.	अनु.जन.ज.
अनुपालन	मुख्य अनुपालन अधिकारी	1	-	1	-	-	-
प्रचालन	मुख्य प्रचालन अधिकारी	1	-	-	-	1	-

भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों (न्यूनतम 40% दिव्यांगता) के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू है।

महत्वपूर्ण तिथियाँ:

(i)	आवेदन की ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि	02.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से
(ii)	शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	22.08.2025 को रात 11.59 बजे तक

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://ippbonline.com/web/ippb/current-openings पर विजिट करें।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02.08.2025
CBC 06346/12/0004/2526
ह०/-
मुख्य मानव संसाधन अधिकारी

आजादी अमृत महोत्सव के तहत युवाओं में दिखा उत्साह

रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

खैरथल। आजादी का अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत खैरथल-तिजारा जिले में । विद्यालयों, महाविद्यालयों में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया यह आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में किया गया।

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत खैरथल में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने तिरंगे की आकृति, राष्ट्रीय प्रतीकों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं देशभक्ति पर आधारित रंगोली और मेहंदी डिजाइनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और तिरंगे के महत्व को समझाना था।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि 5 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में हर घर तिरंगा फहराने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में तिरंगा वितरण के साथ-साथ प्रभात फेरियाँ, निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद, देशभक्ति गीत, और नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। 8 अगस्त को तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी । 11 अगस्त को तिरंगा महोत्सव के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा थीम पर आधारित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी एंव तिरंगा बाइक रैली और 12 अगस्त को तिरंगा रैली/यात्रा एवं साइकिल रैली आयोजित होगी। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा सजावट, तिरंगा वस्तुओं की बिक्री और बच्चों व युवाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY) Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201

No. : F./OT/COA-K/2025/4063 Dated :- 05/08/2025

NOTICE INVITING BID

Bid for open tender regarding purchase of Conference microphone, PTZ/10X PTZ/CCTV Camera & LED screen are invited from interested bidders up to 12.30 PM of 20.08.2025 and the tender will be opened on 20.08.2025 at 01.30 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the Rajasthan state; and **www.sknau.ac.in** University Website.

NIB code SKN2526A0171 and UBN is: SKN2526GSOB00175

Raj.Samwad/C/25/7743 DEAN

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
मुरलीपुरा स्कीम, सब्जी मण्डी, जयपुर।

क्रमांक :- जसअ/2025/164 दिनांक: 06.08.2025

ई- निविदा सूचना संख्या 176-177/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगी